Regarding implementation of BADP, BRGP and VVP Schemes in Barmer and Jaisalmer in Rajasthan-Laid

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल (बाड़मेर) **:** मेरा लोकसभा क्षेत्र बाडमेर-जैसलमेर क्षेत्रफल की दृष्टि से देश के कई राज्यों से बड़ा क्षेत्र है, पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगा हुआ है, विषम भौगोलिक परिस्थितियों, संसाधनों के अभाव के कारण पिछड़ा क्षेत्र है । यहां बसावट छितराई ढाणियों में होने के कारण आधारभूत सुविधाओं से वंचित हैं । जिसका मूल कारण केन्द्र राज्य सरकारों द्वारा आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु तय मानदण्ड में जनसंख्या मुख्य आधार हैं । इस क्षेत्र में जनसंख्या का घनत्व कम होने के कारण अन्य क्षेत्र की तुलना में विकास बहुत कम हो पाया । सरकारी सुविधाओं के अभावों के कारण इस क्षेत्र के निवासी कठिनाइयों से जीवन यापन कर रहे हैं । इसकी जाँच के लिए केंद्रीय दल दौरा कर रिपोर्ट जारी करें । सीमावती पिछड़े क्षेत्रों के निवासियों को मूलधारा से जोड़ने और विकास के लिए केन्द्र सरकार द्वारा BADP, BRGF आदि योजनाएं संचालित की । इन योजनाओं को बाड़मेर-जैसलमेर में बंद कर दिया और वाईब्रेट विलेज प्रोग्राम में शामिल नहीं किया । उक्त योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा जिला प्रशासन के निर्देशन में स्थानीय जनता की मांग अनुसार जनप्रतिनिधियों की राय पर जनहित में आधारभूत सुविधाओं के लिए ढांचा तैयार किया जाता था । इन तीनों महत्वपूर्ण योजनाओं से क्षेत्र को वंचित करना घोर अन्याय हैं । मेरा सरकार से आग्रह है कि BADP, BRGF, VVP के साथ अन्य महत्वपूर्ण योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जावे ताकि स्थानीय लोगों को मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके और देश के विकास में भागीदारी के साथ रोजगार भी प्राप्त हो सके ।